लखनऊ में एआई, नोएडा में क्वांटम कंप्यूटिंग पर शोध होगा

- यूपी में डीप टेक यू हब की प्राथमिकताएं तय कीं गईं
- संसाधन विकास के लिए 281.03 करोड़ मंजूर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। नोएडा और लखनऊ में प्रस्तावित डीप टेक यू हब में अलग-अलग तकनीकों के विकास और रिसर्च पर काम होगा। लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से संबंधित टेक्नोलॉजी तथा नोएडा के यू हब में क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स तकनीक के विकास और डिजाइन तैयार होंगे। आईटी इलेक्ट्रानिक्स विभाग ने दोनों डीप टेक यू हब की प्राथमिकताएं तय कर दी हैं।

बुधवार को योगी कैबिनेट की बैठक में भवन निर्माण और संसाधन विकास के लिए 281.03 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित आईआईआईटी कैंपस में तथा नोएडा स्थित आईआईटी कानपुर के कैंपस में डीप टेक यू हब विकसित किया जाना है। इन संस्थानों पर शोध को नवाचार तथा नवाचार को प्रभाव में बदलने का दायित्व होगा। प्रदेश के दोनों प्रमुख डीप-टेक हब में शोध आधारित उद्यमिता को गति, उभरती तकनीकों को बढ़ावा देने और राज्य को नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। एक विश्व स्तरीय नवाचार मंच देने की कोशिश की जा रही है।